जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया

पत्रांक– जे0एन0सी0यू0 / एम0एड0प्र0 / 78 / 2017 दिनांक 27 जुलाई, 2017

कार्यालय–आदेश

माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार विश्वविद्यालय से सम्बद्ध अधोलिखित महाविद्यालयों को इनके सम्मुखांकित एम0एड0 पाठ्यक्रम में निर्धारित सीट संख्या पर प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न की जानी है–

एम0एड0 पाठयक्रम			
क्रमांक	**महाविद्यालय का नाम**	**सीट संख्या**	**महिला / सहशिक्षा**
1.	श्रीमती फुलेहरा स्मारक महिला महाविद्यालय, कमतैला, रसड़ा, बलिया	50 (01 यूनिट)	महिला
2.	श्री जमुनाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चितबड़ागांव, बलिया	50 (01 यूनिट)	सहशिक्षा

उपरोक्त महाविद्यालय 02 दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञापन करते हुये NCTE दिशा–निर्देशों के अनुसार निर्धारित अर्हता एवं योग्यता के अभ्यर्थियों का प्रवेश उ0प्र0 राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 के अनुसार अर्हकारी परीक्षा के सैद्धान्तिक परीक्षा के कुल प्राप्तांक तथा प्रायोगिक परीक्षा के प्राप्तांकों का 50 प्रतिशत अंक जोड़कर प्रवेश मेरिट (जैसे– सैद्धान्तिक परीक्षा के कुल प्राप्तांक –240 में प्रायोगिक के कुल प्राप्तांक 140 का 50 प्रतिशत अंक अर्थात 70 अंक को जोड़कर कुल–310 अंक को सम्पूर्ण प्राप्तांक मानते हुये मेरिट बनाया जायेगा) बनाकर प्रवेश परीक्षा सम्पन्न करेगें। **उत्तर प्रदेश शासन के आरक्षण नियमों का पालन करते हुये मेरिट के आधार पर प्रवेश की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।** प्रवेशित छात्रों की सूची के साथ NCTE एवं विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत सम्बद्धता आदेश के साथ NCTE मानकानुसार उपलब्ध शिक्षकों के अनुमोदन, संविदा, नियुक्ति एवं आधार कार्ड के साथ उपलब्ध करायेंगे साथ ही सूचनायें सत्य हैं, इस आशय से सम्बन्धित रू0 100/–का महाविद्यालय के प्रबन्धक एवं प्रचार्य का फोटो संयुक्त नोटरी शपथ–पत्र प्रस्तुत करने पर ही विश्वविद्यालय द्वारा उक्त पाठ्यक्रम में छात्रों का प्रवेश अनुमन्य किया जायेगा। विश्वविद्यालय से अनुमन्यता के उपरान्त ही प्रवेशार्थी विद्यार्थी महाविद्यालय के छात्र के रूप में पंजीकृत किये जा सकेंगें। प्रवेश प्रक्रिया में यदि कोई त्रुटि प्रकाश में आयेगी तो इसके लिये महाविद्यालय स्वयं उत्तरदायी होगा।

27.7.17
कृते कुलसचिव

प्रतिलिपि : सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. मा0 कुलपति जी, संज्ञानार्थ।
2. सम्बन्धित महाविद्यालयों।
3. गार्ड फाईल।

21/7

(अरूण कुमार यादव)
उप कुलसचिव